पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम

*624. **श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पूर्ण साक्षरता प्राप्त करने हेतु तैयार किए गए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ;

(ख) प्रत्येक राज्य में पूर्ण साक्षरता प्राप्त करने के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं ;

(ग) इस संबंध में 31 दिसम्बर, 1993 तक राज्य-वार कितनी प्रगति हुई ;

(घ) क्या राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आरम्भ किये जाने के बाद इसके कार्य निष्पादन का सरकार द्वारा कोई मूल्यांकन किया गया है ;

(ङ) यदि हां, तो उसके राज्य-वार क्या निष्कर्ष रहे हैं ; और

(च) सरकार ने पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के माध्यम से राज्य-वार अब तक कितनी धनराशि व्यय की है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) से (ग) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को 1997 तक संपूर्ण देश में 15–35 आयु वर्ग के 10 करोड़ व्यक्तियों को साक्षर बनाने का दायित्व सौंपा गया है । राज्यवार अलग से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। साक्षरता के प्रति मुख्य दृष्टिकोण स्वयंसेवक आधारित पूर्ण साक्षरता अभियानों के माध्यम से है जो कि जिलों द्वारा तैयार की गई परियोजनाओं के आधार पर शुरु किए जाते हैं । इस संबंध में दिनांक 31–12–1993 की यथास्थिति के अनुसार हुई प्रगति को दर्शाने वाली एक राज्यवार सूची विवरण –I में संलग्न है । **(नीचे देखिये)**

(घ) जी, हां । प्रो० अरुण घोष की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ दल ने मूल्यांकन किया है ।

(ङ) इसके साथ ही साथ, विशेषज्ञ दल ने हिंदी भाषी राज्यों पर विशेष ध्यान दिए जाने का सुझाव दिया है ।

(च) दिए गए अनुदान को विवरण-II में दर्शाया गया है ।

विवरण–I

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की शुरुआत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 31–12–1993 तक साक्षर बनाये गये व्यक्तियों की संख्या

क्रम संख्या	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	साक्षरों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश .	4901764
2.	अरुणाचल प्रदेश .	59612
3.	असम . .	774840
4.	बिहार . .	3042967
5.	गोवा . .	71237
6.	गुजरात . .	3370248
7.	हरियाणा . .	79335
8.	हिमाचल प्रदेश .	220497
9.	जम्मू व कश्मीर .	141796
10.	कर्नाटक . .	1898717
11.	केरल . .	1560152
12.	मध्य प्रदेश .	2517751
13.	महाराष्ट्र . .	3215165
14.	मणिपुर . .	67371
15.	मेघालय . .	84225
16.	मिजोरम . .	61919
17.	नागालैंड .	63123
18.	उड़ीसा . .	866845
19.	पंजाब . .	319989
20.	राजस्थान .	1785595

क्रम संख्या	राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम	साक्षरों की संख्या
21.	सिक्किम	13604
22.	तमिलनाडु	2359479
23.	त्रिपुरा	81387
24.	उत्तर प्रदेश	3899535
25.	पश्चिम बंगाल	6078846
26.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	12469
27.	चंडीगढ़	33079
28.	दादरा व नगर हवेली	7293
29.	दमन व दीव	2991
30.	दिल्ली	342633
31.	लक्षद्वीप	986
32	पांडिचेरी	62623
	कुल :	37998073

विवरण–II

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के माध्यम से साक्षरता कार्यक्रमों के लिये 31–3–95 तक राज्यवार जारी किये गये अनुदानों को दर्शाने वाला विवरण

(रु० लाख में)

क्रम संख्या	राज्य/संघ शासित क्षेत्र	योग
1.	आंध्र प्रदेश	7386.94
2.	असम	1953.54
3.	बिहार	3872.51
4.	चंडीगढ़	52.47
5.	दमन व दीव	1.40
6.	दिल्ली	626.99
7.	गोवा	96.15
8.	गुजरात	3630.67
9.	हरियाणा	1235.61
10.	हिमाचल प्रदेश	580.63
11.	जम्मू व कश्मीर	304.32
12.	कर्नाटक	5547.91
13.	केरल	1213.76
14.	महाराष्ट्र	4637.46
15.	मध्य प्रदेश	6434.53
16.	मणिपुर	289.95
17.	मेघालय	161.92
18.	नागालैंड	103.80
19.	उड़ीसा	3042.15
20.	पांडिचेरी	110.82
21.	पंजाब	749.82
22.	राजस्थान	4143.79
23.	सिक्किम	96.96
24.	तमिलनाडु	5480.20
5.	त्रिपुरा	2363.12
26.	उत्तर प्रदेश	8672.75
27.	पश्चिम बंगाल	7080.25
28.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	24.61
29.	अरुणाचल प्रदेश	145.71
30.	दादरा व नगर हवेली	15.45
31.	लक्षद्वीप	11.07
32.	मिजोरम	44.97

NALCO Expansion Plan

*626. SHRI BHAGABAN MAJHI : Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether the National Aluminium Company Limited (NALCO) has drawn an expresion plan

(b) if cost of expansion plan;

(c) the amount of investment proposed to be made by Government under that expansion plan; and

(d) the details of that expansion plan?